gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 फ़रवरी 2020

Prep Smart. Score Better. Go gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर अपडेट
15-21 फरवरी, 2020

प्रिय पाठकों,
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट तीसरे **सप्ताह** (15-21) फ़रवरी **2020** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व पैंगोलिन दिवस दुनिया भर में मनाया गया____**15 फरवरी (फरवरी का तीसरा शनिवार)।**

   नोट:
   - 9वां विश्व पैंगोलिन दिवस 15 फरवरी 2020 को मनाया गया।
   - मध्य प्रदेश के वन विभाग और वन्यजीव संरक्षण न्यास ने अपनी पारिस्थितिकी को पहचानने और एक प्रभावी संरक्षण योजना विकसित करने के लिए पहली बार किसी भारतीय पैंगोलिन को रेडियो-टैग किया है।

2. देश भर में मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस मनाया गया____ **19 फरवरी।**

   नोट:
   - प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मृदा की उर्वरता बढ़ाने के लिए, राजस्थान के सूरतगढ़ में 19 फरवरी, 2015 को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) योजना शुरू की थी।
   - इस योजना का उद्देश्य हर दो वर्ष में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करना है ताकि मृदा में पोषण संबंधी कमियों की पहचान की जा सके। यह योजना पैदावार बढ़ाकर और दीर्घकालिक कृषि को बढ़ावा देने के साथ किसानों को अतिरिक्त आय सुनिश्चित करती है।

3. विश्व सामाजिक न्याय दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है____**20 फरवरी।**

   नोट:
   - यह दिवस लिंग, आयु, कुल, जातीयता, धर्म, संस्कृति या विकलांगता के संदर्भ में सामाजिक अन्याय के खिलाफ जागरूकता पैदा करता है।
   - इस वर्ष इस दिवस का विषय "सामाजिक न्याय प्राप्त करने के लिए असमानताओं का अंत करना" (Closing the Inequalities Gap to Achieve Social Justice) है।
   - इस विषय का उद्देश्य लैंगिक समानता, या स्वदेशी लोगों या प्रवासियों के अधिकारों को बढ़ावा देकर सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कायम रखना है।

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

4. अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (IMLD) प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**21 फरवरी।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (IMLD) वर्ष 2000 से यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र, शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) के विश्वव्यापी पर्यवेक्षण के रूप में प्रति वर्ष 21 फरवरी को मनाया जाता है।
- यह दिवस भाषाई, सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता पैदा करता है और भारत में यह दिवस 'मातृभाषा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- वर्ष 2020 के लिए IMLD का विषय "सीमा बिना भाषाएं" (Languages without Border) है।

नई नियुक्ति

1. यूनाइटेड किंगडम के नए वित्त मंत्री (Chancellor of the Exchequer) के रूप में किसे नियुक्त किया गया ____**ऋषि सुनक।**

नोट:

- भारतीय मूल के ऋषि सुनक (39 वर्षीय) को प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा यूनाइटेड किंगडम के नए वित्त मंत्री (Chancellor of the Exchequer) के रूप में नियुक्त किया गया है।
- चांसलर ऑफ द एक्सचेकर ब्रिटेन सरकार का प्रमुख वित्त मंत्री हैं। वह पाकिस्तानी मूल के साजिद जाविद की जगह लेंगे जिन्होंने चांसलर के पद से इस्तीफा दे दिया था।

2. गोएयर का CEO किसे नियुक्त किया गया ____**विनय दुबे।**

नोट:

- वह कॉर्नेलिस व्रीसवीज्क की जगह लेंगे जिन्होंने फरवरी 2019 में इस्तीफा दे दिया था।
- गोएयर के प्रबंध निदेशक जहांगीर वाल्डिया मुख्य कार्यकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।
- विनय दुबे ने जेट एयरवेज के CEO के रूप में कार्य किया और अक्टूबर 2019 में एक सलाहकार की भूमिका में गोएयर में शामिल हो गए।

3. अफगानिस्तान का राष्ट्रपति किसे निर्वाचित किया गया____**अशरफ गनी अहमदजई।**

नोट:

- अफगानिस्तान के पदस्थ राष्ट्रपति अशरफ गनी अहमदजई (70 वर्षीय) ने एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति का दूसरा कार्यकाल जीता, उन्होंने अफगानिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा घोषित सितंबर 2019 के चुनाव में 50.64% मत हासिल किए थे।
- श्री गनी ने वर्ष 2014 से अफगानिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया, और उन्होंने अफगानिस्तान के वित्त मंत्री (2002-2004) और काबुल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में भी कार्य किया।

4. PFRDA के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया _____**सुप्रतिम बंधोपाध्याय।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सुप्रतिम को नियुक्ति की तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक की मंजूरी दी।
- उन्होंने श्री पंकज जैन की जगह ली।
- सुप्रतिम बंधोपाध्याय ने पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) में सदस्य (वित्त) के रूप में कार्य किया है।

5. नए मुख्य सतर्कता आयुक्त (CVC) के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया_____**संजय कोठारी।**

नोट:

- नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय चयन समिति ने संजय कोठारी को नए मुख्य सतर्कता आयुक्त (CVC) के रूप में चुना।
- संजय कोठारी CVC के रूप में के.वी. चौधरी की जगह लेंगे।

6. केंद्रीय सूचना आयोग में नए मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया _____**बिमल जुल्का।**

नोट:

- नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय चयन समिति ने केंद्रीय सूचना आयोग में नए मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर बिमल जुल्का को चुना है।
- बिमल जुल्का CIC के रूप में सुधीर भार्गव की जगह लेंगे।

7. धनलक्ष्मी बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर किन्हें नियुक्त किया गया _____ **सुनील गुरबक्शानी।**

नोट:

- सुनील गुरबक्शानी ने एक्सिस बैंक के कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
- धनलक्ष्मी बैंक को RBI PCA (प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन) फ्रेमवर्क से हटा दिया गया था, क्योंकि बैंक को फ्रेमवर्क के किसी भी जोखिम सीमा को तोड़ते नहीं पाया गया।
- दिसंबर 2019 में तीसरी तिमाही के अंत के दौरान, बैंक का निवल लाभ 26% बढ़कर 21.28 करोड़ रुपये हो गया और वर्ष 2019 के दौरान 16.90 करोड़ रुपये का निवल लाभ दर्ज किया गया।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत का पहला रेलवे जोन जिसमें 13 ऊर्जा तटस्थ स्टेशन हैं _____**दक्षिण मध्य रेलवे (SCR) जोन।**

नोट:

- यह संख्या भारतीय रेलवे नेटवर्क के सभी जोनों में सर्वाधिक है।
- ये सौर फोटोवोल्टिक पैनलों के माध्यम से 100% ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं जिन्हें स्टेशन की इमारतों में लगाया गया है।
- 50 लाख रुपये की लागत से 13 ऊर्जा तटस्थ स्टेशनों पर स्थापित सभी सौर पैनलों की कुल क्षमता 99 kWp है।

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

2. केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) के मंत्री नितिन गडकरी ने कहां पर KVIC के 'Apiary on Wheel' को हरी झंडी दिखाई_____ **नई दिल्ली।**

नोट:

- 'Apiary on Wheels' (पहियों पर मधुवाटिका) बीबॉक्स के आसान रखरखाव और KVIC द्वारा तैयार किए गए जीवित छत्तों के स्थानांतरण के लिए एक अनूठी अवधारणा है।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के अनुसार, KVIC के शहद मिशन को वर्ष 2017 में शुरू किया गया था और इसमें मधुमक्खी पालकों का प्रशिक्षण, मधुमक्खी पालन बक्सों का वितरण और ग्रामीण-शिक्षण शामिल है।
- 'Apiary on Wheels' मधुमक्खी पालकों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है और यह पूरे भारत में बीबॉक्स और जीवित मधुमक्खी के छत्तों के रखरखाव की श्रम लागत को कम करने में मदद करता है।

3. रक्षा और आंतरिक सुरक्षा निधीकरण के लिए अलग तंत्र की आवश्यकता की जांच करने के लिए 15वें वित्त आयोग ने किसके नेतृत्व में पांच सदस्यीय समूह का गठन किया है____ **नंद किशोर सिंह।**

नोट:

- यह समूह यह जांच करेगा कि क्या रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के वित्तपोषण के लिए एक अलग तंत्र रखा जाना चाहिए, और यदि हां, तो इस निधि का कैसे संचालन किया जाएगा।
- आयोग द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए आयोग की रिपोर्ट और रिपोर्ट में शामिल अन्य सिफारिशों पर प्रतिभागियों की राय लेने के लिए आयोग द्वारा अपनी सलाहकार परिषद की 6वीं बैठक आयोजित करने के बाद घोषणाएं की गईं। इसके अलावा, वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान आंशिक GDP वृद्धि के लिए दृष्टिकोण और अन्य वृहत-आर्थिक मापदंडों पर भी चर्चा की गई।
- आयोग ने राज्यों और केंद्र के ऋण और राजकोषीय घाटे के मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति बनाने की भी योजना बनाई है, जो राजकोषीय संरचना के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने में मदद करेगा।

4. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने पहली इंटर-सिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा कहां शुरू की_____**महाराष्ट्र।**

नोट:

- इलेक्ट्रिक बस में मित्रा मोबिलिटी सॉल्यूशन द्वारा निर्मित 43 सीटें हैं, जो सिंगल चार्ज पर 300 किलोमीटर की दूरी तय करती है और इसे 2 शहरों के बीच दो बार चलाया जाएगा।
- नितिन गडकरी ने बताया कि सरकार ई- (इलेक्ट्रिक) राजमार्ग बनाने की योजना बना रही है।

5. भारत सरकार (GOI) ने राष्ट्रीय जैविक खाद्यय महोत्सव कहां आयोजित किया _____**नई दिल्ली।**

नोट:

- महोत्सव का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली, भारत में हुआ।
- महोत्सव का उद्घाटन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (MoFPI) श्रीमती हरसिमरत कौर बादल द्वारा किया गया था।
- जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने और जैविक उत्पादों के उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय महोत्सव पहली बार मनाया गया।

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- महोत्सव का विषय 'भारत की जैविक बाजार क्षमता को उजागर करना' (Unleashing India's Organic Market Potential) है।

6. बायो एशिया 2020 का तीन-दिवसीय 17वां संस्करण कहां आयोजित हुआ_____ **हैदराबाद, तेलंगाना।**

नोट:

- यह 'कल के लिए आज' (Today for Tomorrow) विषय के साथ एशिया का सबसे बड़ा जैव प्रौद्योगिकी और जैविक विज्ञान मंच है।
- स्विट्जरलैंड वार्षिक परंपरा के भाग के रूप में वर्ष 2020 के लिए भागीदार देश है और स्विट्जरलैंड से लगभग 40-सदस्यीय टीम जिसमें उद्योग, शिक्षा और स्टार्ट-अप के सदस्य शामिल हैं, ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। असम, केरल, ओडिशा और गुजरात भागीदार राज्य थे।

7. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल बिपिन रावत ने कब तक "एयर डिफेंस कमांड (ADC)" नामक एकीकृत तीनों सेना की कमांड की स्थापना का लक्ष्य रखा है_____ **जून 2020।**

नोट:

- सैन्य मामलों के विभाग को दिए गए आदेश के तहत तीनों सेनाओं के संसाधनों को जोड़कर ADC के गठन से देश के वायु क्षेत्र की रक्षा करने में मदद मिलेगी।
- ADC वायु रक्षा और थल सेना, वायु सेना और नौसेना की संपत्ति को एकजुट करेगा और संयुक्त रूप से राष्ट्र को वायु रक्षा प्रदान करेगा।

8. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के कार्यान्वयन की समीक्षा पर चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन कहां आयोजित किया गया____ **उदयपुर।**

नोट:

- इसका उद्घाटन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल ने किया।
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित, सम्मेलन में विभिन्न राज्यों, बैंकों, बीमा कंपनियों, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) में 140 सदस्यों ने भाग लिया।
- पहले तीन संस्करण क्रमशः लखनऊ, बैंगलोर और गुवाहाटी में आयोजित किए गए थे।

9. GMR ग्रुप के अनुसार कौन सा हवाई अड्डा एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक से पूर्णतया मुक्त होने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया _____ **इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (IGIA)।**

नोट:

- भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) -ITC सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (CESD) ने हवाई अड्डे को स्वैच्छिक रूप से प्लास्टिक मुक्त बनाने के अभियान को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए DIAL को मान्यता दी।
- यह वर्ष 2022 तक भारत से एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक को खत्म करने के भारत के लक्ष्य की तर्ज पर है।

10. कौन सा राज्य विद्युत विभाग के लिए प्रदर्शन विनियमन अधिनियम 2019 लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया____**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- बिजली उपभोक्ताओं को समय पर और परेशानी मुक्त सेवा प्रदान करने के लिए, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने बिजली विभाग के लिए प्रदर्शन विनियमन अधिनियम 2019 लागू किया है।
- उपभोक्ताओं को अब विभाग द्वारा उनकी शिकायतों को हल करने में देरी के लिए वित्तीय मुआवजा मिलेगा।

11. केंद्र सरकार ने इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (IDSA) का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा____**मनोहर पार्रिकर।**

नोट:

- केंद्र सरकार ने स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर की प्रतिबद्धता और परंपरा के सम्मान में इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (IDSA) का नाम मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस कर दिया है।
- स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर पूर्व रक्षा मंत्री और पद्म भूषण प्राप्तकर्ता थे। रक्षा मंत्री IDSA संस्थान की कार्यकारी समिति का अध्यक्ष होता है।

12. पशुपालन एवं डेयरी विभाग कब तक दूध प्रसंस्करण क्षमता 53.5 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़ाकर 108 मिलियन मीट्रिक टन (MT) करेगा_____**2025।**

नोट:

- पिछले 5 वर्षों में भारत में दूध उत्पादन 6.5% बढ़ा है, जो वर्ष 2014-2015 के 146.3 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2018-2019 में 187.7 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।
- उपरोक्त आंकड़ों में 54% दुग्ध उत्पादन केवल विक्रेय अधिशेष है और शेष 46% स्थानीय खपत के लिए है, इस 46% में केवल 36% सहकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा संभाला जाता है।

13. भारत कब तक विश्व का सबसे स्वच्छ पेट्रोल और डीजल पर स्विच करेगा_____**1 अप्रैल 2020।**

नोट:

- भारत 1 अप्रैल 2020 अप्रैल से दुनिया के सबसे स्वच्छ पेट्रोल और डीजल पर स्विच करेगा, यह वर्तमान के BS-IV ग्रेड से BS-VI ग्रेड को प्राप्त करेगा।
- भारत पेट्रोल और डीजल का उपयोग करते हुए चुनिंदा देशों की लीग में शामिल हो जाएगा जिसमें सल्फर के 10ppm (प्रति मिलियन भाग) होता है जो वाहनों के धुएं को कम करता है जिसे प्रदूषण का एक कारण माना जाता है।

14. बायोएशिया 2020 भारत की जैविक विज्ञान राजधानी में आयोजित किया गया, राजधानी का नाम बताइए____ **हैदराबाद।**

नोट:

- इसका आयोजन तेलंगाना सरकार ने EY (अर्न्स्ट एंड यंग प्राइवेट लिमिटेड) के साथ मिलकर किया।
- यह प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन - बायोएशिया का 17वां संस्करण था, जिसके CEO शक्ति नागप्पन हैं। इस समारोह में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भाग लिया।

15. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे निर्माण कार्य ने भारत के सबसे ऊंचे रेलवे पियर ब्रिज का निर्माण कहां किया _____ **मणिपुर।**

नोट:

- पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे निर्माण-कार्य ने भारत के सबसे ऊंचे रेलवे पियर ब्रिज का निर्माण किया है।
- यह मणिपुर के नोने के पास तामेंगलोंग जिले में मकरू नदी पर बनाया गया है।

16. "गंगा कायेक महोत्सव" का 8वां संस्करण कहां आयोजित किया गया ____ **देवप्रयाग, उत्तराखंड।**

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

नोट:

- इस महोत्सव का आयोजन उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और द एडवेंचर स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा किया गया, इसमें रूस, ऑस्ट्रेलिया और नेपाल के 45 पुरुषों और 6 महिला एथलीटों ने भाग लिया।
- पुरुष स्प्रिंट श्रेणी में, भारत के अयोध्या प्रसाद पहले स्थान पर रहे, उनके बाद नेपाल के मन बहादुर कंदेल दूसरे स्थान पर, भारत के ऋषि राणा तीसरे स्थान पर रहे।
- महिलाओं की श्रेणी में, ऑस्ट्रेलिया की एलिजाबेथ हेल्थ पहले स्थान पर आई, उनके बाद रूस की एकटेरिना और रूस की अन्ना तीसरे स्थान पर रहीं।

17. कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग के अनुसार, देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड किस स्तर पर रहा _____ **291.95 मिलियन टन।**

नोट:

- यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि वर्ष 2019-20 का उत्पादन पिछले पांच वर्षों (2013-14 से 2017-18) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 26.20 मिलियन टन अधिक है। भारत का फसल वर्ष जुलाई-जून है।
- देश में मॉनसून के मौसम में संचयी वर्षा दीर्घावधि औसत (LPA) से 10% अधिक रहा है, जिसके परिणामस्वरूप खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हुई है।

18. भारत और म्यांमार ने इम्फाल और किसके बीच नियमित यात्री बस सेवा के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए____ **मांडले।**

नोट:

- बस सेवा अप्रैल 2020 में शुरू होगी।
- श्वे मांडलर एक्सप्रेस कंपनी लिमिटेड, यंगून और सेवन सिस्टर्स हॉलिडे, इम्फाल नामक दो कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- मांडले से बस सेवा तमू की सीमा पर समाप्त होगी जहां से भारतीय बस संचालक यात्रियों को मणिपुर के मोरेह शहर ले जाएंगे।

19. उस संस्थान का नाम बताइए जो नेचर रैंकिंग इंडेक्स 2020 में पहले स्थान पर है_____**वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)।**

नोट:

- सभी संस्थानों को 1 दिसंबर 2018 से 30 नवंबर 2019 के बीच कुल शोध परिणामों के आधार पर स्थान दिया गया है।
- शोध परिणामों की संख्या कुल उद्धरणों और योगदानों द्वारा निर्दिष्ट की जाती है जो प्रति लेख साझा प्रतिशत को दर्शाता है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. राज्य में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल जीवन हरियाली अभियान के तहत 'प्यार का पौधा' पहल किसके द्वारा शुरू की गई_____**बिहार।**

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

नोट:

- बिहार राज्य सरकार के पर्यावरण एवं वन विभाग ने पटना में `प्यार का पौधा` अभियान शुरू किया है।
- इस पहल में, पर्यावरण विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने करीबी लोगों को प्यार का पौधा उपहार में दें क्योंकि यह वर्षों तक जीवित रहेगा और इस उद्देश्य के लिए पटना के पौधों के स्टाल भी लगाए गए हैं।
- यदि यह प्रयोग सफल रहा, तो इसे राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा।

2. किस राज्य सरकार ने "Anganphou Hunba" (धान की पहली फसल की बुवाई) कार्यक्रम कहां शुरू किया ____**मणिपुर।**

नोट:

- मणिपुर के मुख्यमंत्री, नोंगथोम्बम बीरेन सिंह ने योजना की शुरुआत की।
- कार्यक्रम को अराप्ती उरुप किसान संघ द्वारा केराव एसी के विधान सभा के सदस्य लौरेम्बम रामेश्वर की देखरेख में आयोजित किया गया था।
- राज्य सरकार ने भूजल पंपिंग द्वारा सिंचाई की सुविधा प्रदान करने के लिए 260 करोड़ रुपये की परियोजना तैयार की है और इसे केंद्र की स्वीकृति प्राप्त होने का इंतजार है।

3. ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए 6 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार किसने घोषित किया____**हरियाणा।**

नोट:

- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घोषणा की है कि राज्य सरकार ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 4 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 2.5 करोड़ रुपये प्रदान करेगी और साथ ही हरियाणा लोक सेवा या हरियाणा पुलिस में नौकरी देगी।

4. हरियाणा सरकार ने अंबाला शहर बस स्टैंड का नाम किसके नाम पर किया_____ **सुषमा स्वराज।**

नोट:

- हरियाणा सरकार ने नवनिर्मित अंबाला शहर बस स्टैंड का नाम बदलकर सुषमा स्वराज बस स्टैंड करने का फैसला किया है।
- बस स्टैंड का नाम केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की जयंती (14 फरवरी) पर बदल जाएगा, जिनका जन्म अंबाला कैंट में हुआ था और अंबाला निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधायक चुनी गईं।

5. कौन सी राज्य सरकार पुलिस कर्मियों को 'एप्रीशिएट एंड कमेन्ड' योजना के तहत सम्मानित करेगी____**पंजाब।**

नोट:

- पंजाब DGB (पुलिस महानिदेशक) दिनकर गुप्ता ने उन पुलिस अधिकारियों का विश्वास बढ़ाने के लिए पंजाब के फिल्लौर में 'एप्रीशिएट एंड कमेन्ड' योजना की शुरुआत की, जो असाधारण सेवा करते हैं और सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मियों को हर महीने सम्मानित किया जाएगा।
- इस योजना के तहत, हर महीने की 25 तारीख तक विभिन्न जिलों के पुलिस प्रमुखों से सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मियों के नामों की मांग की जाएगी, और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक समिति द्वारा इनकी जांच की जाएगी और हर महीने की 5 तारीख को पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की जाएगी।

6. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव बाल ठाकरे ने लातूर मेडिकल कॉलेज का नाम किसके नाम पर करने की मंजूरी दी___ **विलासराव देशमुख इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज।**

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

नोट:

- विलासराव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य थे, उन्होंने वर्ष 1999 से 2003 तक और वर्ष 2004 से 2008 तक दो बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।
- उन्होंने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायत राज मंत्रालय और भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के लिए केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

7. सभी सरकारी अस्पतालों का आधुनिकीकरण करने के लिए नाडू-नेडू योजना किसने शुरू की _____**आंध्र प्रदेश।**

नोट:

- सभी सरकारी अस्पतालों का तीन वर्षों में आधुनिकीकरण करने के लिए 15,337 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।
- सरकारी अस्पतालों का निर्माण या आधुनिकीकरण उच्चतम भारतीय मानक- भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (IPHS) के साथ किया जाएगा।

8. अटल किसान - मजदूर कैंटीन किसने शुरू की ___**हरियाणा।**

नोट:

- ये कैंटीन सभी मंडियों और चीनी मिलों में किसानों और मजदूरों को 10 रुपये प्रति प्लेट की रियायती दर पर सस्ता भोजन उपलब्ध कराती हैं।
- इस वर्ष ऐसी 25 कैंटीन स्थापित की जाएंगी।
- हरियाणा सरकार हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में 41 विभिन्न श्रेणियों के निवासियों को मुफ्त और रियायती यात्रा की सुविधा भी प्रदान करेगी।
- एक नई पहल के तहत, वर्ष 2020-2021 के दौरान 11 लाख BPL परिवारों की महिलाओं और लड़कियों को सेनेटरी नैपकिन मुफ्त में दिए जाएंगे।

9. टी बोर्ड ऑफ इंडिया ने किसके साथ मिलकर "रन फॉर इंडिया टी" का आयोजन किया _____**त्रिपुरा टी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (TTDC)।**

नोट:

- यह आयोजन भारतीय चाय के साथ-साथ त्रिपुरा चाय को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने और राज्य में चाय उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया है। TTDC राज्य भर में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से चाय आपूर्ति का विस्तार करने की योजना बना रहा है।
- "रन फॉर इंडिया चाय" कार्यक्रम के बाद एक रंगीन झांकी जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में चाय श्रमिकों को पारंपरिक पोशाक पहने हुए दिखाया गया।

10. 'योधव' (योद्धा) मोबाइल ऐप किसने लॉन्च किया ____**केरल।**

नोट:

- केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कोच्चि, केरल में "योधव" (योद्धा) मोबाइल ऐप लॉन्च किया।
- इस ऐप के माध्यम से, जनता पुलिस को मादक पदार्थों के दुरुपयोग और इसके वितरण के बारे में सूचित कर सकती है।

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- एप्लीकेशन कोच्चि शहर पुलिस द्वारा पेश किया गया था और इसमें जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जा सकती थी।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) की 43वीं संचालन परिषद बैठक कहां आयोजित की गई____ **रोम, इटली।**

नोट:

- बैठक का विषय " Investing in sustainable food systems to end hunger by 2030" है।
- बैठक के दौरान, IFAD ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के अनुक्रम और कृषि पर इसका प्रभाव वर्ष 2030 तक लगभग 100 मिलियन लोगों को गरीबी की ओर ले जाएगा।

2. इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (IISS) की वार्षिक "मिलिट्री बैलेंस" रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा खर्च में भारत का स्थान ____**पांचवां।**

नोट:

- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (IISS) की वार्षिक "मिलिट्री बैलेंस" रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2019 में रक्षा पर वैश्विक खर्च में 4% की बढ़ोतरी हुई है।

3. UNFCCC की कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज का 26वां सत्र (COP 26) कहां आयोजित होगा_____ **ग्लासगो, यूके।**

नोट:

- UNFCCC (यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज) की कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज का 26वां सत्र (COP 26) यूके (यूनाइटेड किंगडम) सरकार की अध्यक्षता में स्कॉटलैंड के ग्लासगो स्कॉटिश इवेंट्स कैंपस (SEC) में 9 से 19 नवंबर, 2020 तक आयोजित किया जाएगा।
- संयुक्त राष्ट्र की जलवायु संस्था UNFCCC एक वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करती है, जिसे COP के नाम से जाना जाता है, इसमें राष्ट्रों के मंत्री और राष्ट्राध्यक्ष शामिल होते हैं। दुनिया के सभी देश 'पार्टीज टू द कन्वेंशन' हैं।

4. एशियन बिजनेस एंड सोशल इनवेस्टर फोरम 2019-20 का 13वां संस्करण कहां आयोजित किया गया____**बैंकॉक, थाईलैंड।**

नोट:

- एशियन बिजनेस एंड सोशल इनवेस्टर फोरम 2019-20 का 13वां संस्करण और एशियाज ग्रेटेस्ट ब्रांड एंड लीडर्स 2019-20 का चौथा संस्करण भारत और एशिया में निवेश में सुधार के उद्देश्य से मैरियट मार्किस होटल, बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित किया गया।
- इस आयोजन के एक भाग के रूप में, एशिया वन मैगजीन और URS मीडिया ने पूरे एशिया और GCC (खाड़ी सहकारिता परिषद) क्षेत्र में व्यापार, राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए इंडिया थाई चैंबर ऑफ कॉमर्स (ITCC) के साथ साझेदारी में एक नेटवर्किंग मीट 'इंडिया-थाईलैंड: टुडे, टुमारो, टुगैदर' का आयोजन किया।

5. अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्र में एक रिएक्टर को संचालित करने के लिए लाइसेंस जारी करने वाला पहला अरब राष्ट्र____**UAE।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि श्री हमद अल-काबी ने घोषणा की कि राष्ट्रीय परमाणु नियामक ने अपने बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में एक रिएक्टर के लिए ऑपरेटिंग लाइसेंस जारी किया है और एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिचालित करने वाला दुनिया का पहला अरब देश बन गया है।
- बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते में कोरिया इलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा बनाया जा रहा है और यह संयंत्र अबू धाबी के खाड़ी तट पर है, संयंत्र में 4 परमाणु रिएक्टरों में से केवल एक को ही लाइसेंस मिला है, यदि पूरी तरह से चालू होता है तो यह 5600 मेगावाट बिजली पैदा कर सकता है जो राष्ट्र की जरूरत का 25% है।

6. अंग्रेजी और मैंडरिन के बाद दुनिया में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा_____**हिंदी।**

नोट:

- विश्व भाषा डेटाबेस एथनोलॉग के 22वें संस्करण में हिंदी को 615 मिलियन वक्ताओं के साथ वर्ष 2019 में दुनिया की तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बताया है।
- अंग्रेजी भाषा 1,132 मिलियन वक्ताओं के साथ सूची में सबसे ऊपर थी और मैंडारिन चाइनीज 1,117 मिलियन वक्ताओं के साथ दूसरे स्थान पर थी।

7. वर्ल्डवाइड एजुकेशन फॉर द फ्यूचर इंडेक्स (WEFFI) 2019 ने भारत को किस स्थान पर रखा है____**35वें।**

नोट:

- वर्ल्डवाइड एजुकेशन फॉर द फ्यूचर इंडेक्स (WEFFI) 2019 ने भारत को 35वें स्थान पर रखा, जबकि वर्ष 2018 में इसे 40वें स्थान पर रखा गया।
- WEFFI रिपोर्ट द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा बनाई गई है और यह यिडेन प्राइज़ फाउंडेशन द्वारा जारी की गई है।
- सूचकांक में फिनलैंड सबसे ऊपर है, उसके बाद स्वीडन दूसरे स्थान पर और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है।

8. हवा से लॉन्च की जाने वाली क्रूज मिसाइल 'Ra'ad-II' का परीक्षण किस देश ने किया_____ **पाकिस्तान।**

नोट:

- Ra'ad-II शस्त्र प्रणाली उच्च सटीकता के साथ लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए अत्याधुनिक गाइडेंस और नेविगेशन प्रणाली से लैस है।
- Ra'ad-II मिसाइल को पाकिस्तान वायु सेना के मिराज विमान या F-16 लड़ाकू विमान में लगाए जाने की योजना है।
- 600 किमी की क्षमता वाली क्रूज मिसाइल हवा से जमीन और समुद्र में मार करती है।

9. जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए, अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस ने कितना 'बेजोस अर्थ फंड' लॉन्च करने की घोषणा की _____ **10 बिलियन डॉलर।**

नोट:

- इस फंड के माध्यम से, जेफ बेजोस ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्राकृतिक दुनिया को संरक्षित करने में मदद करने हेतु 10 बिलियन डॉलर का योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई है।
- 'बेजोस अर्थ फंड' वैज्ञानिकों, कार्यकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों को पृथ्वी की रक्षा हेतु जलवायु परिवर्तन समस्याओं से निपटने के लिए निधि प्रदान करेगा।

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

10. 19 फरवरी को 70वां राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस किसने मनाया_____**नेपाल।**

नोट:

- नेपाल 104 साल के निरंकुश राणा शासन के अंत के बाद लोकतंत्र की स्थापना के उपलक्ष्य में फाल्गुन 7 को हर वर्ष राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाता है।
- वर्ष 2007 विक्रम संम्वत में आज ही के दिन एक शताब्दी पुराने निरंकुश राणा शासन के अंत के बाद हिमालय राष्ट्र में लोकतंत्र की स्थापना से हुई थी।

11. अफगानिस्तान के राष्ट्रपति पद का चुनाव किसने जीता और दूसरी बार अफगानिस्तान का राष्ट्रपति बना _____ **अशरफ गनी।**

नोट:

- अशरफ गनी ने 9,23,592 मत या कुल मतों के 50.64% मत जीतकर राष्ट्रपति चुनाव जीता। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्ला अब्दुल्ला को हराया जिन्होंने 7,20,841 मत या 39.52% मत प्राप्त किए।
- चुनाव आयोग ने कहा कि देश में कुल 9.6 मिलियन योग्य मतदाताओं में से केवल 1.8 मिलियन अफगान नागरिकों ने ही मतदान किया।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. मुकेश अंबानी के बाद भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति __ **राधाकिशन दमानी।**

नोट:

- सुपरमार्केट चेन डी मार्ट के संस्थापक राधाकिशन दमानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के बाद भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। फोर्ब्स के रियल टाइम बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, दमानी की कुल संपत्ति 17.8 बिलियन डॉलर है।
- मार्च 2017 में 1.55 लाख करोड़ के बाजार पूंजीकरण के साथ डी मार्ट के शेयरों में 700% की वृद्धि हुई।
- डी मार्ट देशभर के 72 शहरों में 196 स्टोर संचालित करती है।

2. किस फिल्म ने अमेजन फिल्मफेयर अवार्ड 2020 के 65वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता _____ **'गली बॉय'।**

नोट:

- अमेजन फिल्मफेयर अवार्ड 2020 का 65वां संस्करण गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में 15 फरवरी 2020 से 16 फरवरी 2020 तक आयोजित किया गया।
- इस कार्यक्रम की मेजबानी भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और टेलीविजन अभिनेता करण कुमार जौहर और वरुण धवन, विकी कौशल ने की।

3. अमेजन फिल्मफेयर अवार्ड 2020 का 65वां संस्करण कहां पर स्थित इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित किया गया _____ **गुवाहाटी, असम।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- अमेजन फिल्मफेयर अवार्ड 2020 का 65वां संस्करण गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में 15 फरवरी 2020 से 16 फरवरी 2020 तक आयोजित किया गया।
- इस कार्यक्रम की मेजबानी भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और टेलीविजन अभिनेता करण कुमार जौहर और वरुण धवन, विकी कौशल ने की।

4. अमेजन फिल्मफेयर अवार्ड 2020 के 65वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार किसने जीता__ **रणवीर सिंह (गली बॉय फिल्म।**

नोट:

- अमेजन फिल्मफेयर अवार्ड 2020 का 65वां संस्करण गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में 15 फरवरी 2020 से 16 फरवरी 2020 तक आयोजित किया गया।
- ज़ोया अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म 'गली बॉय' ने बड़ी विजेता फिल्म बनी, इसने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार सहित 13 पुरस्कार प्राप्त किए।
- गली बॉय में अपने अभिनय के लिए रणवीर सिंह ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी प्राप्त की, जबकि इसी फिल्म के लिए आलिया भट्ट ने एक प्रमुख भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) का पुरस्कार जीता।

5. लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2020 का 20वां संस्करण कहां आयोजित हुआ _____**बर्लिन, जर्मनी।**

नोट:

- यह वर्ष 2016 में मेस्से बर्लिन में आयोजित कार्यक्रम के बाद बर्लिन में आयोजित होने वाला दूसरा लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड था।
- यह लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था।
- लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स को 'ऑस्कर ऑफ स्पोर्ट' के रूप में जाना जाता है। इस कार्यक्रम की मेजबानी अभिनेता ह्यूग ग्रांट ने की।

6. वर्ष 2019 का अन्स्र्ट एंड यंग एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड किसने जीता _____**किरण मजूमदार-शॉ।**

नोट:

- किरण मजूमदार-शॉ ने नई दिल्ली, भारत में आयोजित पुरस्कार के 21वें संस्करण में वर्ष 2019 के लिए अन्स्र्ट एंड यंग एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड जीता।
- वह बेंगलुरु स्थित बायोफार्मास्यूटिकल कंपनी बायोकॉन की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं।
- वह 4 और 6 जून, 2020 के बीच मोंटे कार्लो में अन्स्र्ट एंड यंग वर्ल्ड एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड (WEOY) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

7. ईएसपीएन मल्टी-स्पोर्ट एनुअल अवार्ड्स 2019 में 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर 2019 महिला' पुरस्कार किसने प्राप्त किया_____ **पी.वी. सिंधु।**

नोट:

- एंटरटेनमेंट एंड स्पोर्ट्स प्रोग्रामिंग नेटवर्क (ESPN) मल्टी-स्पोर्ट एनुअल अवार्ड्स 2019 ने पी.वी. सिंधु और सौरभ चौधरी को क्रमश: वर्ष 2019 के महिला और पुरुष खिलाड़ी के रूप में घोषित किया।
- पी.वी. सिंधु को लगातार तीसरी बार 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर' (महिला) का पुरस्कार मिला।

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- दुती चंद को ESPN इंडिया करेज अवॉर्ड के पहले विजेता के रूप में नामित किया गया।

8. ESPN मल्टी-स्पोर्ट एनुअल अवार्ड्स 2019 में 'स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर 2019' (पुरुष) पुरस्कार किसने प्राप्त किया_____ **सौरभ चौधरी।**

नोट:

- एंटरटेनमेंट एंड स्पोर्ट्स प्रोग्रामिंग नेटवर्क (ESPN) मल्टी-स्पोर्ट एनुअल अवार्ड्स 2019 ने पी.वी. सिंधु और सौरभ चौधरी को क्रमश: वर्ष 2019 के महिला और पुरुष खिलाड़ी के रूप में घोषित किया।
- पी.वी. सिंधु को लगातार तीसरी बार 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर' (महिला) का पुरस्कार मिला।
- दुती चंद को ESPN इंडिया करेज अवॉर्ड के पहले विजेता के रूप में नामित किया गया।

9. एजेंस फ्रांस-प्रेस द्वारा 2019 केट वेब पुरस्कार का विजेता किसे घोषित किया गया_____ **अहमर खान।**

नोट:

- 27 वर्षीय भारतीय फ्रीलांस रिपोर्टर अहमर खान को उनकी वीडियो और श्रृंखलाओं की लिखित रिपोर्ट 'भारत सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को रद्द करते समय कश्मीर में लोग किस प्रकार प्रभावित हुए' के लिए एग्नेस फ्रांस-प्रेसे द्वारा 2019 केट वेब पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया।
- वर्ष 2008 में AFP ने केट वेब की स्मृति में एशिया में कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए 3000 यूरो (लगभग 32 लाख रुपये) के नकद इनाम के साथ केट वेब पुरस्कार की स्थापना की।
- वर्ष 2020 के अंत में, पुरस्कार औपचारिक रूप से हांगकांग में एक समारोह में प्रदान किया जाएगा।

10. भारत के उप-राष्ट्रपति, श्री एम. वेंकैया नायडू ने आदर्श विधान सभा अध्यक्ष / आदर्श विधान परिषद अध्यक्ष पुरस्कार 2019 किसे प्रदान किया _____ **पी. रामकृष्णन।**

नोट:

- भारत के उप-राष्ट्रपति, श्री एम. वेंकैया नायडू ने केरल विधानसभा के अध्यक्ष श्री पी. रामकृष्णन को आदर्श विधान सभा अध्यक्ष / आदर्श विधान परिषद सभापति पुरस्कार 2019 प्रदान किया।
- आदर्श विधान सभा अध्यक्ष पुरस्कार -2019 राज्य में सर्वश्रेष्ठ विधान सभा कार्यप्रणालियों को मजबूत करने और उनकी सुरक्षा करने में माननीय अध्यक्ष द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करता है।
- चयन समिति की अध्यक्षता संसद और भारतीय छात्र संसद की संचालन परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री शिवराज पाटिल ने की और एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट द्वारा सम्मानित किया गया।

खेल समाचार

1. ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की टोक्यो आयोजन समिति ने आधिकारिक आदर्श वाक्य जारी किया_____ **"यूनाइटेड बाय इमोशन"।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की टोक्यो आयोजन समिति ने आधिकारिक आदर्श वाक्य, "यूनाइटेड बाय इमोशन" जारी किया, जो 24 जुलाई, 2020 से 9 अगस्त, 2020 तक टोक्यो, जापान में आयोजित किए जाने वाले आगामी 2020 ओलंपिक खेलों के लिए "सार्वभौमिक मूल्यों" और "खेल की एकीकरणीय शक्ति" को दर्शाता है।
- आदर्श वाक्य विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाने और उन्हें उनके मतभेदों से परे जोड़ने और सराहना करने के लिए खेल की शक्ति को दर्शाता है।
- आधिकारिक ओलंपिक आदर्श वाक्य “Citius, Altius, Fortius” या “Faster, Higher, Stronger” है, लेकिन प्रत्येक मेजबान शहर खेलों के इस संस्करण के साथ अपना आदर्श वाक्य चुनता है।

2. बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2020 कहां आयोजित की गई थी_____ **मनीला, फिलीपींस।**

नोट:

- भारतीय पुरुष टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2020 में दो बार के गत विजेता इंडोनेशिया से सेमीफाइनल में 2-3 से हारने के बाद कांस्य पदक जीता, यह टूर्नामेंट मनीला, फिलीपींस के रिज़ल मेमोरियल कोलिज़ीयम में 11 से 16 फरवरी 2020 तक आयोजित किया था।
- यह दूसरी बार है जब भारत ने चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया, इससे पहले वर्ष 2016 में हैदराबाद, तेलंगाना में पहली बार कांस्य पदक जीता था।

3. सेंट लुईस, अमेरिका में आयोजित केयर्न्स कप शतरंज टूर्नामेंट किसने जीता _____**कोनेरू हम्पी।**

नोट:

- ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने सेंट लुईस, अमेरिका में आयोजित केयर्न्स कप शतरंज टूर्नामेंट जीता। उन्होंने 9 राउंड में 6 अंक जीतकर 45,000 डॉलर के नकद पुरस्कार के साथ खिताब जीता।
- यह केयर्न्स कप का दूसरा संस्करण था। इस जीत के साथ, वह हाल ही में जारी विश्व शतरंज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रहीं।

4. जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2021 कहां आयोजित होगा_____ **भारत।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने घोषणा की कि भारत जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2021 की मेजबानी करेगा और महिलाओं का जूनियर हॉकी विश्व कप पहली बार दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में आयोजित किया जाएगा।
- वर्ष 2016 में लखनऊ, उत्तर प्रदेश और वर्ष 2013 में नई दिल्ली, भारत में आयोजित होने के बाद यह तीसरी बार है जब भारत टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है।

5. नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (NADA) द्वारा चार वर्ष के लिए किन्हें प्रतिबंधित किया गया_____**अमित दाहिया।**

नोट:

- एंटी-डोपिंग डिसिप्लिनरी पैनल (ADDP) ने हरियाणा के सोनीपत में आयोजित दूसरे राष्ट्रीय भालाफेंक ओपेन चैंपियनशिप 2019 के दौरान गलत नमूना भेजने और अधिकारियों को धोखा देने का प्रयास करने के लिए भाला फेंक खिलाड़ी अमित दहिया को प्रतिबंधित करने का नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) को आदेश जारी किया।

6. AFC महिला एशिया कप 2022 कहां आयोजित होगा_____ **भारत।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) की महिला समिति ने जानकारी दी कि मलेशिया के कुआलालंपुर में हुई बैठक में 2022 AFC महिला एशियाई कप की मेजबानी करने के लिए भारत को पहले दक्षिण एशियाई के रूप में चुना गया है।
- भारत के अलावा, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान अन्य प्रतिस्पर्धी उम्मीदवार थे।

7. फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप 2020 कहां आयोजित किया जाएगा_____ **भारत।**

नोट:

- केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने 2 नवंबर 2020 से शुरू होने वाले फीफा अंडर -17 महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए भारत के 5 मेजबान शहरों की घोषणा की।
- टूर्नामेंट का आधिकारिक नारा: 'किक ऑफ द ड्रीम' है।
- फाइनल मैच 21 नवंबर 2020 को डॉ. डी.वाई. पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई, महाराष्ट्र में होगा।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा गठित नगरपालिका बांड विकास समिति का प्रमुख कौन होगा_____**सुजीत प्रसाद।**

नोट:

- नगरपालिका बांड विकास समिति की अध्यक्षता सेबी के कार्यकारी निदेशक श्री सुजीत प्रसाद ने की।
- समिति नगरपालिका ऋण प्रतिभूति बाजार के विकास से संबंधित नीतिगत मामलों पर सिफारिशें देगी।
- समिति के सदस्यों में मंत्रालय, नगर निगम, वकील, व्यावसायिकों और बाजार चिकित्सकों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

2. RBI के केंद्रीय निदेशक मंडल ने किस वित्तीय वर्ष से RBI के वित्तीय वर्ष को जुलाई-जून से सरकार के वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) के साथ संरेखित करने की सिफारिश की _____ **वर्ष 2020-21।**

नोट:

- बैठक में वर्तमान आर्थिक स्थिति, वैश्विक और घरेलू चुनौतियों और रिजर्व बैंक के परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों की समीक्षा की गई।
- बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। उनके साथ वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, वित्त सचिव राजीव कुमार और व्यय सचिव टी.वी. सोमनाथन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

3. RBI ने कितने मूल्य के तीन वर्ष के निर्गम का संचालन करके लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन (LTRO) की पहली किश्त शुरू की है_____**25,000 करोड़ रुपये।**

नोट:

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 25,000 करोड़ रुपये के तीन वर्ष के निर्गम का संचालन करके लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन (LTRO) की पहली किश्त शुरू की है, जिसके लिए उसे 1.944 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बोली प्राप्त हुई।
- केंद्रीय बैंक ने 25,035 करोड़ की बोलियां स्वीकार की हैं। RBI 24 फरवरी को 25,000 करोड़ रुपये के लिए दूसरा निर्गम आयोजित करेगा जिसकी समयावधि एक वर्ष होगी।

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

4. भारत सरकार ने विश्व बैंक के साथ अटल भूजल योजना (ABHY) का समर्थन करने के लिए किसके साथ 450 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**विश्व बैंक।**

नोट:

- भारत सरकार और विश्व बैंक ने राष्ट्रीय भूजल प्रबंधन सुधार कार्यक्रम अटल भूजल योजना (ABHY) का समर्थन करने के लिए 450 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए जो गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा और इसमें 78 जिले शामिल हैं।
- इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत में भूजल के घटते स्तर को रोकना और भूजल से संबंधित संस्थानों को मजबूत करना है।

5. अमेरिका स्थित विचार मंच वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था बन गई है_____ **विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी।**

नोट:

- अमेरिका स्थित विचार मंच वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू के अनुसार, भारत वर्ष 2019 में यूके और फ्रांस को पीछे छोड़कर 2.94 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है।
- यूके की अर्थव्यवस्था 2.83 ट्रिलियन डॉलर और फ्रांस की अर्थव्यवस्था 2.71 ट्रिलियन है। सूची में संयुक्त राज्य अमेरिका 21.44 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ शीर्ष स्थान पर रहा है।

6. MSME क्षेत्र में उद्यमियों को पर्याप्त ऋण प्रदान करने के लिए, गुजरात की राज्य सरकार ने किसके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_____**भारतीय स्टेट बैंक (SBI)।**

नोट:

- गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की उपस्थिति में प्रमुख सचिव एम.के. दास और SBI अहमदाबाद मंडल के महाप्रबंधक रमेश कुमार अग्रवाल के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
- राज्य के नए MSME स्टार्ट-अप या तो MSME पोर्टल या स्थानीय नोडल एजेंसियों पर आवेदन जमा कर सकते हैं।

7. HDFC और SAP कॉनकर ने कॉरपोरेट क्षेत्र के खर्च का प्रबंधन करने के लिए किन संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करने की सहमति दी_____**मास्टर कार्ड।**

नोट:

- HDFC बैंक व्यापार यात्रियों के लिए एक कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड की पेशकश करेगा, जो व्यापारिक यात्राओं के दौरान भुगतान और व्यय प्रबंधन के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन प्रदान करेगा।
- कार्ड सभी व्यवसाय-संबंधित खर्चों का SAP कॉनकर में सहज एकीकरण, कर्मचारी अनुभव को बढ़ाने, दृष्टिक्षेत्र वृद्धि, पैसे बचाने और दक्षता में सुधार करेगा।

8. किस बैंक को प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 26% तक कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से अंतिम मंजूरी मिली____**कोटक महिंद्रा बैंक।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- इससे पहले 30 जनवरी को, बैंक ने अंतिम अनुमोदन के 6 महीने के अंदर प्रवर्तकों की हिस्सेदारी पेड-अप वोटिंग इक्विटी शेयर कैपिटल (PUVESC) के 26% तक कम करने के लिए RBI की सैद्धांतिक मंजूरी व्यक्त की थी।
- RBI ने बैंक को प्रवर्तकों की हिस्सेदारी चुकता शेयर पूंजी घटाकर 31 मार्च 2018 तक 20% और 31 मार्च 2020 तक 15% करने को कहा था।
- इसके साथ ही, बैंक प्रवर्तकों की हिस्सेदारी को कम करने के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय (HC) में RBI के खिलाफ दायर मामले को वापस लाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

9. SBI कार्ड ने 3 नए रिटेल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए किस ग्रुप के साथ साझेदारी की है_____ **लैंडमार्क ग्रुप।**

नोट:

- चार लैंडमार्क ग्रुप ब्रांड - लाइफस्टाइल, होम सेंटर, मैक्स और स्पार के साथ तीन नए रिटेल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लाइफस्टाइल होम सेंटर SBI कार्ड, मैक्स SBI कार्ड और स्पार SBI कार्ड हैं।
- को-ब्रांडेड कार्ड तीन रूपों में उपलब्ध हैं। इसमें बेस, सिलेक्ट और प्राइम शामिल हैं और वैल्यू फॉर मनी से लेकर प्रीमियम और सुपर प्रीमियम तक के उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं।
- उपरोक्त सभी कार्डों में से कोई भी कार्डधारक सभी भागीदार लैंडमार्क ब्रांडों में समान लाभ प्राप्त कर सकता है।

10. इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 1000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए राष्ट्र के स्वामित्व वाली ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL) ने किसके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_____**BSNL।**

नोट:

- EESL 1000 BSNL स्थानों में चरणबद्ध तरीके से सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगा और चार्जिंग अवसंरचना के संचालन और रखरखाव के साथ समझौता ज्ञापन से संबंधित सेवाओं पर संपूर्ण अग्रिम निवेश भी करेगा।
- BSNL चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित करने के लिए अपेक्षित स्थान और बिजली कनेक्शन प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा।
- नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कार्यक्रम की परिकल्पना के अनुसार, EESL ने भारत भर में 300 AC (प्रत्यावर्ती धारा) और 170 DC (दिष्ट धारा) चार्जर लगाए हैं और वर्तमान में, भारत के नई दिल्ली में 66 सार्वजनिक चार्जिंग प्वाइंट चालू हैं।

11. राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन कार्यनीति (2019-24) किसने शुरू की_____**RBI।**

नोट:

- कार्यनीति का मुख्य उद्देश्य किफायती तरीके से वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना है।
- सेबी, PFRDA और बीमा IRDAI के साथ गहन परामर्श के बाद कार्यनीति शुरू की गई है।
- यह कार्यनीति वित्तीय समावेशन सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर शुरू की गई थी जो उपरोक्त एजेंसियों के परामर्श से काम करती थी।

12. 'द बैंकर' की शीर्ष 500 बैंकिंग ब्रांड 2020 रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक बैंकों के बीच 'ब्रांड मूल्य में उच्चतम वृद्धि' की सूची में सबसे ऊपर कौन सा बैंक रहा__**इंडसइंड बैंक।**

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

नोट:

- पिछले 12 महीनों में इंडसइंड बैंक के ब्रांड मूल्य में 122% की वृद्धि हुई है, जिससे यह दुनिया भर में ब्रांड मूल्य में वृद्धि के मामले में शीर्ष स्थान पर हो गया है। बैंक ने वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही के अंत में कुल 3.1 लाख करोड़ रुपये की परिसंपत्ति की सूचना दी।
- रिपोर्ट के एक भाग के रूप में, सूची "टॉप 50 बाय टोटल ब्रांड वैल्यू बाय कंट्री" में चीन शीर्ष स्थान पर है, उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका दूसरे स्थान पर है जबकि कनाडा और यूनाइटेड किंगडम क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

श्रद्धांजलियां

1. म्यूजिक बैंड परिक्रमा के संस्थापक सदस्य और प्रमुख-गिटारवादक जिनका हाल ही में निधन हो गया _____**सोनम शेरपा।**

नोट:

- शेरपा ने अपने सहयोगी सुबीर मलिक के साथ परिक्रमा म्यूजिक बैंड की स्थापना की।
- बैंड के यादगार गीतों में "बट इट रेन्ड", "टिल आई एम नो वन अगेन", "ओपेन स्काई", "ऐम आई ड्रीमिंग" हैं और उन्होंने बॉलीवुड फिल्म मंजूनाथ में भी संगीत दिया।
- शेरपा के पास नई दिल्ली के हौज खास विलेट में परिक्रमा स्कूल है।

2. युगांडा की छात्रा, जिसने 2016 में डिज्नी फिल्म "क्वीन ऑफ कैटवे" में एक यादगार भूमिका निभाई थी, का हाल ही में निधन हो गया____**निकिता पर्ल वालिग्वा।**

नोट:

- ब्रेन ट्यूमर के कारण 15 वर्ष की आयु में युगांडा के कंपाला में उनका निधन हो गया।
- वालिग्वा गायाजा हाई स्कूल में पढ़ रही थीं और स्कूल में "कई लोगों की प्रिय" थीं।
- उन्होंने ग्लोरिया का किरदार निभाया, जो मुख्य पात्र फियोना मुतेसी की छोटी मित्र थीं और उन्हें शतरंज खेलना सिखाया।

3. प्रख्यात अमेरिकी अभिनेत्री, जिन्हें "सेक्स एंड द सिटी" सीरीज में मगदा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है, का हाल ही में निधन हो गया _____**लिन कोहेन।**

नोट:

- लिन कोहेन ने HBO (होम बॉक्स ऑफिस) सीरीज के 2 फिल्म संस्करणों- “सेक्स एंड द सिटी” (2008) और “सेक्स एंड द सिटी 2” (2010) में अपना किरदार निभाया।
- उन्होंने "डैमेज", "नर्स जैकी", "द अफेयर", "लॉ एंड ऑर्डर" टेलीविजन शो में अभिनय किया और "द मार्वल्स मिसेस मैसेल", "गॉड फ्रेन्डेड मी" और ‘मास्टर ऑफ नन" में अतिथि की भूमिका में दिखाई दीं।

4. प्रख्यात बंगाली अभिनेता और पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद जिनका 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया_____ **तपस पाल।**

नोट:

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

- उनका जन्म 19 सितंबर 1958 को चंदननगर, पश्चिम बंगाल में हुआ था और उन्होंने हुगली मोहसिन कॉलेज में जैव-विज्ञान से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी।
- तपस पाल अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के सदस्य थे। वह अलीपुर से 2 बार (2001-2006 और 2006-2009) के विधायक और वर्ष 2009 से 2019 तक कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व सांसद (संसद सदस्य) थे।

5. हैरी ग्रेग का 87 वर्ष की आयु में कोलरेन, उत्तरी आयरलैंड, यूके में निधन हो गया, वह किस लिए प्रसिद्ध थे_____ **फुटबॉलर (गोलकीपर)।**

नोट:

- हैरी ग्रेग को 1958 की हवाई दुर्घटना में 2 साथी खिलाड़ियों के साथ-साथ एक बच्चे और उसकी गर्भवती मां को बचाने के लिए "म्यूनिख के हीरो" का दर्जा दिया गया था इस दुर्घटना में 23 लोग मारे गए थे।
- ग्रेग वर्ष 1957 में दुनिया के सबसे महंगे गोलकीपर के रूप में शामिल होने के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ 9 वर्ष तक खेले।

6. हॉल ऑफ फेमर मैरी कैथरीन मिक्की राइट का हाल ही में निधन हो गया वह थीं _____ **गोल्फर।**

नोट:

- हॉल ऑफ फेमर मैरी कैथरीन मिक्की राइट, एक अमेरिकी लेडीज़ प्रोफेशनल गोल्फ एसोसिएशन टूर पेशेवर गोल्फर थीं, उनका निधन 85 वर्ष की आयु में फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ।
- उनका जन्म 14 फरवरी, 1935 को सैन डिएगो, कैलिफोर्निया, अमेरिका में हुआ था। वह वर्ल्ड गोल्फ हॉल ऑफ फेम की सदस्य थीं।

7. एम.एस. मणि जिनका 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया था, वे थे_____**एक पत्रकार।**

नोट:

- केरल कौमुदी (मलयालम दैनिक) के पूर्व मुख्य संपादक और कला कौमुदी (पत्रिका) के मुख्य संपादक एम.एस. मणि का केरल के तिरुवनंतपुरम में 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- उनका जन्म 4 नवंबर, 1941 को केरल के कोल्लम जिले के मयनाड में केरल कौमुदी के संस्थापक संपादक के. सुकुमारन और माधवी सुकुमारन के पुत्र के रूप में हुआ था।

8. अनुभवी कन्नड़ अभिनेता जिनका हाल ही में निधन हो गया_____**किशोरी बल्लाल।**

नोट:

- अनुभवी कन्नड़ अभिनेत्री किशोरी बल्लाल का उनकी आयु संबंधी बीमारी के कारण 82 वर्ष की आयु में बेंगलुरु में निधन हो गया। वह दक्षिण कन्नड़ जिले, कर्नाटक से हैं।
- उन्होंने वर्ष 1960 में इवलेंथा हेन्दथि के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की और 15 वर्ष से अधिक समय तक काम किया।
- उन्होंने कुछ प्रसिद्ध निर्देशकों और अभिनेताओं के साथ विभिन्न भाषाओं की 75 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है।

9. कॉपी-कट-पेस्ट का आविष्कार करने वाले दिग्गज कंप्यूटर वैज्ञानिक जिनका हाल ही में निधन हो गया_____ **लॉरेन्स गॉर्डन टेस्लर।**

Crack SSB
A 30-Day Master Course
START FREE TRIAL

नोट:

- लॉरेंस गॉर्डन टेस्लर जिन्हें लैरी टेस्लर के नाम से जाना जाता है, एक अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक थे, जिन्होंने मानव-कंप्यूटर पारस्परिक प्रभाव के क्षेत्र में काम किया था और वर्ष 1973 में कंप्यूटर के कॉपी-कट-पेस्ट फंक्शन के आविष्कारक थे, का पोर्टोला घाटी, कैलिफोर्निया, अमेरिका में 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop